तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 7 अप्रैल 2025

11 रामनवमी के शुभ अवसर पर निकाली भव्य...

12 भाजपा कार्यकर्ताओं ने जुलाना में मनाया...

खबर संक्षेप

15 से विद्यालय अध्यापक संघ करेगा प्रदर्शन

जींद। अक्षर भवन में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की बैठक हुई। इसमें जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने भाग लिया। मीटिंग का मुख्य एजेंडा एचकेआरएन में लगे हुए अध्यापकों को रिलीव करने का विरोध, चिराग योजना का विरोध, रैशनलाइजेशन का विरोध और जल्दी से जल्दी ट्रांसफर करने पर चर्चा हुई। 15 से 25 अप्रैल तक खंड स्तर पर धरना एवं प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया। जिला प्रधान हैप्पी मोर में कहा कि मांगों के लिए आज जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से बातचीत की जाएगी।

कन्या गुरुकुल खेड़ा की कार्यकारिणी पुर्नगठित

जींद। महाराजा अग्रसेन मंदिर में रविवार को कन्या गुरूकुल खेड़ा प्रबंधन कमेटी की कार्यकारिणी के पुर्नगठन को लेकर पूर्व प्रधान हवा सिंह करसिंधु की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। सर्वसम्मति से इसका गठन किया गया। कार्यकाल 31 अगस्त 2026 तक का होगा। सर्वसम्मति से महीपाल गुरूकुल खेड़ा को प्रधान, धर्मबीर करसिंधु को सचिव, राजपाल गुरूकुलखेड़ा को सह सचिव, ओमदत्त को वित्त सचिव, राजा राम करसिंधु को वित्त सहसचिव चुना गया। रामनिवास बुडायन, हरिकेश शास्त्री, हवा सिंह करसिंधु, कृष्ण चंद्र, बलवान शर्मा, धूप सिंह काब्रच्छा आदि को सदस्य चुना।

नशे के खिलाफ आज निकाली जाएगी रैली

जींद। युवा विकास समिति जींद एवं राजकीय पीजी कालेज के द्वारा सोमवार राजकीय महाविद्यालय जींद से शहीद स्मारक गोहाना रोड जींद तक नशे के खिलाफ जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि इस रैली का शुभारंभ जींद पुलिस के पीआरओ अमित खर्ब हरी झंडी दिखाकर करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय जींद के प्रिंसिपल सत्यवान मलिक करेंगे।

साइक्लोथॉन में हिस्सा लेने को करें रजिस्ट्रेशन

जींद। एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन (साइकिल यात्रा) आगामी 23 अप्रैल को कैथल से चलकर जींद जिला के नरवाना, उचाना होती हुई जींद पहुंचेगी और 24 अप्रैल को जींद से हिसार जिले के उपमंडल बरवाला के लिए रवाना होगी। साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है। जिस पर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकता है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। उन्होंने जिले के ग्राम पंचायतों, कॉलेजों, स्कूल, एनजीओ, विभिन्न एसोसिएशन, नशा मुक्ति केंद्र आदि से ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम में शामिल होते हुए इस यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया।

रामनवमी: मैय्या तू ही बच्चों का रखेगी ख्याल, हम आए हैं तेरे द्वारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

शहर के मध्य स्थित महाभारतकालीन जयंती देवी मंदिर में रविवार को रामनवमी के अवसर पर आयोजित भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले आयोजित भजन संध्या में पूर्वी व गोपाली बहनों ने अपने भक्ति गीतों से सबको नाचने पर मजबूर कर दिया। पूर्वी व गोपाली बहनों ने भजन संध्या में मैय्या तू ही बच्चों का रखेगी ख्याल, हम आए हैं तेरे द्वारे, तेरी महिमा तू ही जाने, मैये तेरे दर्शन नूं, बार-बार आंवा भेंटें सुनाई। कलाकारों ने भगवान राम की धुन गाई तो सब श्रद्धालुओं ने उनका साथ दिया।

जयंती देवी मंदिर में आयोजित भजन संध्या

जींद। भजन संध्या में मां की भेंटें सुनाते पूर्वी व गोपाली बहनें। *फोटो: हरिभूमि*

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री बोले

चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन मनाया जाने वाला यह शुभ अवसर नवरात्रि उत्सव के समापन का प्रतीक होता है

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि चैत्र नवरात्र को लेकर लगातार मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कलाकारों द्वारा भक्तिरस से ओतप्रोत प्रस्तुति दी जा रही है। रात को भंडारे का आयोजन है। जिसमें शहरभर से श्रद्धालु पहुंच कर मां का प्रसाद ग्रहण करेंगे। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि हर साल चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का त्योहार पूरे देश में बड़े श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन अयोध्या के राजा दशरथ के घर भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। श्रीराम माता कौशल्या के पुत्र और अपने भाइयों में सबसे बड़े थे। इस दिन भगवान राम की विशेष रूप से पूजा की जाती है। मंदिर परिसर में भी श्रद्धालुओं ने मां जयंती के साथ प्रभु श्रीराम का सिमरन किया। राम नवमी हमारा महत्वपूर्ण पर्व है। जो भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्म की याद में मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर में चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन मनाया जाने वाला यह शुभ अवसर चैत्र नवरात्रि उत्सव के समापन का प्रतीक होता है।

पंचायती जमीन को लेकर चल रहे आपसी विवाद का मामला

माहौल को देख पुलिस ने निकाला तो थाने के गेट पर की नारेबाजी

शिकायत मिलने पर जांच के लिए दोनों पक्षों को बुलाया था

प्लाट को लेकर एक ही समाज के लोगों के बीच चली आ रही तनातनी

- नारेबाजी करने वाले पक्ष ने पुलिस पर लगाया दूसरे पक्ष से मिलीभगत का आरोप
- शहर थाना प्रभारी मनीष बोले कानून की नजर में सभी बराबर

जींद। थाने के बाहर नारेबाजी करते एक पक्ष के लोग। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सैनी मोहल्ले में पंचायती जमीन को लेकर चल रहे आपसी विवाद को लेकर रविवार को दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। जिस पर खफा एक पक्ष ने थाने में गेट पर खड़े होकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और दूसरे पक्ष के मिलीभगत का आरोप लगाया। काफी देर तक गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। सैनी मौहल्ले में पंचायती जमीन है। जिसमें धार्मिक तथा सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। युवा सैनी सभा ने उस स्थान पर पार्किंग बनाई थी। जिसका प्रयोग मोहल्ले के ही लोग करते हैं। पार्किंग पर गेट लगाने के साथ फैंसिंग भी की गई थी। पिछले दिनों पार्किंग गेट को गिरा दिया गया और फैंसिंग को भी तोड़ दिया गया। जिसके आरोप दूसरे पक्ष पर लगे। युवा सैनी सभा ने पार्किंग का गेट तोड़ने की शिकायत पुलिस को भी दी। दूसरे पक्ष ने युवा सैनी सभा के अध्यक्ष पर जमीन को कब्जाने का आरोप लगा कर पुलिस को शिकायत दे दी। रविवार को दोनों पक्षों को जांच के लिए शहर थाना बुलाया गया था। उसी दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए।

कार्रवाई न करने का लगाया आरोप

जांच अधिकारी ने माहौल को भांपते हुए दोनों पक्षों को बाहर जाने के लिए कह दिया। युवा सैनी सभा के सदस्य थाने से चले गए जबकि दूसरा पक्ष थाने के गेट पर खड़ा होकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस युवा सैनी सभा के साथ मिली हुई है। उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं कर रही है। जिस पर पुलिस कर्मियो ने नारेबाजी कर रहे लोगो को थाने बाहर कर दिया।

शहर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत मिलने पर उन्हें थाने बुलाया गया था। माहौल को देखते हुए उन्हें बाहर कर दिया। कानून की नजर में सभी बराबर है। किसी भी पक्ष के साथ पक्षपात नहीं होगा।

जींद। नए सीड्स और पेस्टिसाइड एक्ट के विरोध में बंद दुकान। फोटो: हरिभूमि

नए सीड्स और पेस्टिसाइड एक्ट के विरोध में दुकानें रही बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्रदेश सरकार के नए सीड्स और पेस्टिसाइड एक्ट के विरोध में उचाना में खाद व बीज दुकानदारों ने अपनी दुकानों को विरोध स्वरूप बंद रखा।

उचाना से खाद व बीज दुकानदार एकत्रित होकर कुरूक्षेत्र में आयोजित किए गए प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में पहुंचे। सुरेंद्र गर्ग, संदीप ने बताया कि डीलरों ने इससे पहले जींद में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, नरवाना में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जो नया एक्ट सरकार लेकर आई है उसको रद्द करने की मांग की थी। नए कानून से पूरे प्रदेश के खाद, बीज और दवाई व्यापारी प्रभावित होंगे। बीज और कीटनाशक दवा सील पैक में आते हैं और उसी रूप में किसानों तक पहुंचते है।

गुहला-चीका। कानूनों का विरोध करते पेस्टीसाइड विक्रेता। फोटो: हरिभूमि

गुहला-चीका: 7 दिन तक अपनी दुकानें बंद रखेंगे

गुहला-चीका। यहां बीज और कीटनाशक विक्रेताओं ने एसोसिएशन के अध्यक्ष अवतार कंबोज के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की, जिसमें उन्होंने सरकार द्वारा बनाए गए नए कानून का विरोध किया और कानून में संशोधन की मांग की। कंबोज, एसोसिएशन के कई सदस्यों के साथ, सरकार के खिलाफ सैनी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय जनसभा में भाग लेने से पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कंबोज ने कहा कि सरकार द्वारा संशोधित कानून में अ-मानक बीज और कीटनाशक विक्रेताओं के खिलाफ कड़े प्रावधान रखे गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी विक्रेता अ-मानक बीज या कीटनाशक बेचने के पक्ष में नहीं है, लेकिन ऐसे कठोर कानून व्यापारियों का मनोबल तोड़ सकते हैं और उन्हें अपराधी जैसा दिखा सकते हैं। प्रांतीय एसोसिएशन के आह्वान पर गुहला चीका क्षेत्र में भी सभी दुकानदार 7 दिन तक अपनी दुकानें बंद रखेंगे। कंबोज ने चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार कानून के खिलाफ दुकान खोलेगा, तो उस पर 5100 रुका जुर्माना लगाया जाएगा और सभी दुकानदार बहिष्कार करेंगे। मौके पर जय भगवान शर्मा, राकेश गोयल, रमेश कुमार, कुलबीर पूनिया, बलकार ढिल्लों, अंकित कुमार, शीशपाल, धनी राम गर्ग, प्रवीण कुमार, सतीश कुमार और सुनील कुमार सहित कई बीज और पेस्टीसाइड विक्रेता उपस्थित थे।

युवक को अमेरिका भिजवाने के नाम पर 24 लाख रुपये ठगे

- चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सीवन पुलिस ने एक युवक को अमेरिका भिजवाने के नाम पर 24 लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खेडी गुलाम अली के महेंद्र पाल ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह अपने बेटे को विदेश भेजना चाहता था। इसे लेकर उसकी बातचीत उसके पड़ोसी गुरविंदर सिंह तथा गुरजंट के साथ हुई।

गुरविंदर ने बताया कि गुरजंट युवाओं को विदेश भिजवाने का काम करता है। इसके बाद गुरजंट की पत्नी नवजोत को तथा गुरविंदर सिंह फरवरी 2024 में उसे घर आए तथा उसे तथा उसके बेटे को विदेश भेज कर मोटी राशि कमाने के सपने दिखाए। बाद में आरोपियों ने उसे जितेंद्र उर्फ सोनू निवासी गांव बरोट, जोग सिंह निवासी फरल तथा गुरदीप सिंह व मीत कौर निवासी पलट जिला जालंधर पंजाब व सर्बजीत सिंह निवासी गांव भोगपुर जालंधर से भी मिलवाया। सभी ने वे उसके बेटे को अमेरिका भेज देंगे। इसके लिए 50 लाख की राशि देनी होगी। मार्च 2024 में उसने 17 लाख 90 हजार की राशि तथा बेटे के दस्तावेज दे दिए। 3 महीने के बावजूद जब उसका वीजा नहीं आया तो आरोपी ने बताया कि 9 जून 2024 को उसके बेटे की फ्लाइट है। आरोपियों ने उसके बेटे को दुबई भिजवा दिया।

दो माह दुबई में रोका

उसका बेटा नवीन 2 महीने तक दुबई में रहा इसके बाद आरोपियों ने 8 अगस्त 2024 को उसे दुबई से जकार्ता इंडोनेशिया भिजवा दिया। इस पर आरोपी ने उसे 25 लाख का इंतजाम करने को कहा। बाद में आरोपियों को उसके द्वारा 21 लाख 90000 रुपए की राशि दे दी गई। आरोपियों ने उससे दो लाख की राशि ले ली। 3 सितंबर 2024 को जब उसके बेटे को जकार्ता से क्यूबा भेजा गया तो चेक करने पर उसके दस्तावेज नकली पाए गए तथा उसे इंडिया वापस भेज दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने 10 सितंबर 2024 को उसके बेटे को नई दिल्ली से बैंकांक भेज दिया तथा बाद में इंडोनेशिया के रास्ते से क्यूबा भेज दिया 10 अक्टूबर 2024 को उसके द्वारा आरोपियों को चार लाख 50 हजार की राशि दे दी गई 22 अक्टूबर 2024 को उसके बेटे को वर्क परमिट की बात कह कर क्यूबा से केमेन आइलैंड भिजवा दिया वहां पर पहुंचने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जब उसके दस्तावेज चेक किया तो उसके वर्क परमिट के दस्तावेज फर्जी पाए गए तथा उसे फिर से अथॉरिटी ने हिरासत में लेते हुए जेल में डाल दिया जबकि आरोपियों द्वारा कहा गया कि उसका बेटा अमेरिका गया हुआ है तथा वहां पर किसी कैंप में है। बाद में उसके बेटे को 26 अक्टूबर को वापिस भारत भेज दिया गया। इसके बाद आरोपियों से राशि मांगी तो आरोपियों ने 1 लाख 90 हजार की राशि देने उपरांत शेष राशि देने से इंकार कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। सीवन थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने गुरजंट सिंह, गुरदीप सिंह, जितेंद्र और सर्वजीत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगूरां में बंदरों को पकडने का काम शुरू, 30 पकड़े

अलेवा। बढ़ रही बंदरों की तादात और उनके हमलों को देखते हुए नगूरां गांव में बंदरों को पकडने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए पंचायत ने यूपी से बंदर पकडने वाले लोगों को बुलाकर दो दिनों में 30 बंदरों को पकड़वाया है। नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने बताया कि गांव वालों की बार-बार शिकायत आ रही थी कि गांव में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। बंदर घरों में घुसकर सामान बिखेर रहे हैं व छोटे बच्चों, वृद्धों पर भी हमला कर रहे हैं। बीते दिनों बंदरों ने एक घर में घूसकर एक बच्चे तथा महिला को घायल कर दिया था। इसके लिए पंचायत ने लोगों की शिकायत को देखते हुए यूपी से बंदर पकडने वाले लोगों को बुलाया। जिसमें दो दिनों में उनके द्वारा 25 से 30 बंदरों को पकड़ा है। फिलहाल गांव में बंदरों की तादात को कम देखते हुए यह अभियान बंद कर दिया है। भविष्य में भी इसी प्रकार से यह अभियान चलता रहेगा।

कैंटर सवार नकाबपोश गिरोह को ट्रांसफार्मर को चोरों से रोका था किसान ने

ट्रांसफार्मर चोर गिरोह ने किसान को बंधक बना बेरहमी से पीटा

- किसान से तीन हजार रुपये की नगदी तथा खेत से ट्रांसफार्मर ले गया गिरोह, आधा दर्जन अज्ञात पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव खेडी मसानिया खेतों में बीती रात कैंटर सवार ट्रांसफार्मर उपकरण चोर गिरोह ने एक किसान की बेरहमी से पिटाई की और कमरे में बंधक बना तीन हजार रुपये की नगदी छीन ली।

जिसके बाद गिरोह के सदस्य ट्रांसफार्मर के उपकरण चोरी कर कैंटर से फरार हो गए। उचाना थाना पुलिस ने घायल किसान की शिकायत पर अज्ञात आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मारपीट करने, बंधक बनाने, चोरी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव खेड़ी मसानिया निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह खेत में रखवाली के लिए गया हुआ था। देर रात को कैंटर सवार चेहरा ढांपे आधा दर्जन व्यक्ति उसके चाचा के खेत में ट्रांसफार्मर को नीचे गिरा कर उसे कैंटर में लोड कर रहे थे। उसने खेत में पहुंच कर आरोपितों को टोका तो उन्होंने रॉड, थप्पड़, लातों से हमला कर दिया और उसकी बेरहमी से पिटाई की तथा उसकी जेब से तीन हजार रुपये निकाल लिए। जिसके बाद आरोपितों ने उसे कमरे में बंधक बना लिया। एक व्यक्ति कमरे के बाहर पहरा देता रहा, जबकि अन्य ने ट्रांसफार्मर को कैंटर मे लोड कर लिया। जिसके बाद आरोपित कैंटर में सवार होकर फरार हो गए। जिसके बाद वह घर पहुंचा और परिजनों तथा पुलिस को घटना की सूचना दी।

मामले की जांच की जा रही: उचाना पुलिस

उचाना थाना पुलिस ने किसान राजेश की शिकायत पर अज्ञात कैंटर सवार छह लोगों के खिलाफ मारपीट करने, छीना झपटी करने, चोरी करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना थाना के जांच अधिकारी राजेंद्र ने बताया कि किसान के साथ खेत में मारपीट करने, बंधक बना रुपये छीनने की शिकायत मिली थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। केस की जांच की जा रही।

मई माह से शुरू हो सकती है रेलगाड़ी, जिलावासियों को होगा फायदा

चंडीगढ़ से हिसार वाया कैथल, नरवाना जाने वाली ट्रेन चलाने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

चंडीगढ़ से हिसार वाया कैथल, नरवाना होकर जाने वाली ट्रेन चलाने की प्रक्रिया रेलवे की ओर से शुरू कर दी गई है। बता दें कि कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने एक माह पहले ही रेलवे से ट्रेन चलाने की मांग की थी। इसके बाद ट्रेन संख्या 64563-64 अंब अंदौरा मेमू ट्रेन के संचालन के लिए अंबाला के डीआरएम ने रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा। ऐसे में अब मई में इसका संचालन शुरू हो सकता है। यह ट्रेन अंब अंदौरा से हिसार के रायपुर रानी तक चलाई जाएगी। इसके संचालन के बाद कैथल और कुरुक्षेत्र ट्रेन के माध्यम से हिसार से जुड़ जाएगा। अब रेलवे बोर्ड की अनुमति मिलने के बाद यह ट्रेन चंडीगढ़ से हिसार के लिए चलेगी। वहीं, इसकी समय सारिणी भी जारी कर दी है। समय सारिणी अनुसार यह ट्रेन चंडीगढ़ से कुरुक्षेत्र, कैथल होते हुए नरवाना से जाखल के रास्ते हिसार जाएगी। इससे कैथल और आसपास के गांव के लोगों को चंडीगढ़ व हिसार जाने के लिए ट्रेन की सुविधा मिलने लगेगी। इस ट्रेन को चलाने के लिए रेलवे ने फिजिबिलिटी चेक कर ली है। फिलहाल कैथल से हिसार के बीच कोई ट्रेन का संचालन नहीं किया जा रहा है। जबकि चंडीगढ़ जाने के लिए दौलतपुर-साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल ने रेलवे से ट्रेन चलाने की मांग की थी

रेलवे ने फिजिबिलिटी चेक कर ली

कैथल के रेलवे स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि रेलवे की चंडीगढ़ से हिसार के बीच ट्रेन चलाने की योजना है। रेलवे ने फिजिबिलिटी चेक कर ली है। कैथल के आसपास के लोगों को हिसार और चंडीगढ़ जाने के लिए एक और ट्रेन मिल जाएगी। इसके लिए अंबाला के डीआरएम की ओर से प्रस्ताव भेज दिया गया है। अब केवल इसके संचालन की तिथि की घोषणा होना बाकी है।

रेलवे ने जारी की समय सारणी

आने और चलने का समय स्टेशन		आने और चलने का समय
19:25 19:35	अंबाला	07:20 07:40
20:08 20:30	कुरुक्षेत्र	05:55 06:10
21:02 21:04	कैथल	04:48 04:50
21:45 21:55	नरवाना	04:10 04:20
23:20 23:30	जाखल	03:40 03:50
23:58 00:00	उकलाना	03:00 03:02
00:20 00:35	बरवाला	02:45 02:47
01:05 -- --	रायपुर	02:25

जोशी समाज सेवा समिति पांच साल में पांच राज्यों में 611 शादियों में सहयोग कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

आर्थिक रूप से कमजोर और असमर्थों की बेटियों को शादी में मदद करने में जींद की जोशी समाज सेवा समिति अपनी भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में आज 611 जरूरतमंद बहन बेटियों की शादी जोशी समाज सेवा समिति द्वारा पुरी की गई। संस्था के अध्यक्ष विनोद जोशी ने बताया समिति द्वारा बेटियों को शादी में फर्नीचर का सामान, फ्रिज, कूलर, बेड, गद्दे, अलमारी, कपड़े, सिलाई मशीन, कुर्सियां समेत जरूर का अन्य सामान देने में मदद की जाती है। अगर किसी बहन का भाई नहीं है तो संस्था द्वारा उसका भात भरने के लिए भी समिति के सदस्य जाते हैं। हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल राज्यों में संस्था अपनी सेवा दे रही है। आज की शादी में सहयोग अंबाला और पोकरीखेड़ी में किया गया। पोकरी खेड़ी गांव के सरपंच राजकुमार ने कहा हमें हमारे गांव के बेटे विनोद पर गर्व है जो कभी भी समाज सेवा के क्षेत्र में सेवा करने से कभी पीछे नहीं हटा। समिति अध्यक्ष विनोद जोशी ने प्रकाश डालते हुए कहा कि जरूरतमंदों की शादी का सामाजिक और व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्व होता है। क्योंकि यह उन्हें एक स्थिर जीवन, सामाजिक समर्थन और सम्मान प्रदान करता है। साथ ही उन्हें एक परिवार बनाने और समाज में योगदान करने का अवसर देता है। विनोद जोशी के पिता का समाजसेवा के प्रति अपना एक अलग से जुनून था स उनके परमात्मा में लिन निधन के बाद परिवार एवं मित्रों ने जोशी को समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया। विनोद का मानना है दान कोई छोटा या बड़ा नहीं होता है। कबूतरों को दाना डालना और जरूरतमंद को दान देना दोनों बराबर हैं।

जींद। जरूरत का समान देते समिति सदस्य।

- समिति ने पांच साल में 338 भात भरे

हांसी की स्थापना

हांसी, हरियाणा राज्य का एक प्राचीन और ऐतिहासिक शहर है। ऐसा माना जाता है कि हांसी की स्थापना राजा अनंगपाल विहंगपाल तोमर ने अपने गुरु ' हंसकर ' (957 ई.) के लिए की थी। बाद में, राजा अनंगपाल तोमर के पुत्र द्रुपद ने इस किले में तलवार बनाने का कारखाना स्थापित किया, इसलिए इसे ' असीगढ़ ' भी कहा जाता है। इस किले से तलवारें अरब देशों तक निर्यात की जाती थीं। हांसी में स्थित असीगढ़ का किला पृथ्वीराज चौहान ने 12वीं सदी में बनवाया था।

सभ्य समाज के लिए आवश्यक हैं मर्यादाएं

संस्कार

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

किसी भी देश अथवा प्रदेश की बात हो पर जहां समाज और सामाजिकता की बात आती है वहां मर्यादाएं स्वतः स्थापित हो जाती हैं। समाज के कर्णधारों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि उक्त समाज किन-किन नियमों का अनुकरण करते हुए आगे बढ़ेगा। यह नियम अथवा मर्यादाएं ज्यादातर आचरण, वेशभूषा या भाषा जैसे सन्दर्भों को लेकर होती हैं।

जब मर्यादाएं टूटती हैं या फिर तोड़े जाने की कोशिश होती है तो उसके विपरीत स्वर उठते हैं। किन्तु कई बार हम कुछ बातों को लेकर अधिक उदार हो जाते हैं तथा इन्हें बदलते समय की आवश्यता मान कर चुप्पी साध लेते हैं, जिसका परिणाम भयंकर होता है। तब स्थितियां इतनी विस्फोटक हो जाती हैं कि हम चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते। विगत कुछ दशकों में सम्पूर्ण भारत में आचरण और भाषा को लेकर जो सामाजिक पतन हुआ है, उससे हम सभी परिचित हैं। ऐसे में हरियाणा का इससे अछूता रह पाना असंभव था। जिस समाज में गाँव की बेटी पूरे गाँव की इज्जत मानी जाती थी और सारे गाँववासी उसे अपनी बहन या बेटी मानते थे, उसी समाज में आज गाँव की तो छोड़िए समान जाति और गोत्र में युवा विवाह कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत गीता की वर्ण-शंकर की अवधारणा तो सच हो ही रही है अपितु इस विषय में आधुनिक काल के वैज्ञानिकों के द्वारा स्थापित तर्क भी गौण होकर रह गये हैं। इस समस्या का हल हम खोज भी नहीं सके कि एक दूसरी भयानक समस्या हमारे समाज के सामने मुंह उठाए खड़ी है और हम सब अपने-अपने आनंद में डूबे हैं। इस अघोषित प्रलय जिसके सम्बन्ध में हम सभी बेखबर न होकर भी आँखें बंद किये हैं। आप विश्वास कीजिए हमारी लापरवाही समाज में भाषा के सौन्दर्य के साथ-साथ

संस्कारों को भी बहा ले जाएगी। मीडिया के विभिन्न माध्यमों से आम बोल-चाल में शामिल हो गए उपलब्ध सामग्री से संवाद अब सामान्य बातचीत के दौरान हो रही गाली-गलौच और मार-पीट का हिस्सा हो गये हैं तो वहीं आजकल प्रचलित गीत ऐसी स्थिति में पार्श्व संगीत का कार्य करते हैं। तभी वर्ष 2015 में शादियों में बढ़ती हर्ष फायरिंग के बाद से डीजे के गानों को लेकर सर्व खाप पंचायत रोहतक, झज्जर और सोनीपत ने इस पर आपत्ति उठाई थी। हमारा भारतीय समाज श्रेष्ठ साहित्य और संदेशों से बहुत दूर हो गया है।

हम भूल गए हैं कि शब्दों का अपना प्रभाव होता है। शब्द 'ब्रह्म' की मान्यता दुनिया के सम्मुख स्थापित करने वाले देश के लोग ही शब्द की मर्यादा भूल गए हैं। हमारे समाज का कोई भी अंग शब्दों के प्रति संवेदनशील नहीं है। इस विषय पर आप गंभीरता से नहीं अपितु सामान्य रूप से भी विचार करेंगे तो स्थितियां भयावह प्रतीत होंगी। राजनीतिक, साहित्यिक, कला आदि हर क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे शब्द किसी भी सहृदय व्यक्ति के हृदय को लहूलुहान करने का सामर्थ्य रखते हैं। देश की दिशा तय करने का दंभ भरने वाले राजनेताओं द्वारा समूचे राष्ट्र के विभिन्न सदनों में प्रयोग होने वाली भाषा के स्तर से देश का हर नागरिक परिचित है। यही लोग जब मीडिया के माध्यम से जन सामान्य से रूबरू होते हैं तो फिर सोने पर सुहागा जैसी स्थितियां हो जाती हैं। इसके ऊपर किसी भी प्रकार की अतिरिक्त टिप्पणी की आवश्यता यहां दिखाई नहीं देती। इसी प्रकार संचार क्रांति के चलते लगभग पूरे देश में देखे जा रहे सभी ओटीटी प्लेटफार्म्स ने इसी प्रदूषित नदी के प्रवाह को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

ओटीटी, ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जहां सिनेमा का एक अलग लेवल देखने को मिलता है। जहां सिनेमाघरों में मूवी को सेंसर बोर्ड पास कर अश्लील दृश्यों पर कैंची चलाता है, वहीं ओटीटी पर प्रस्तुत की जाने वाली वेबसीरीज में गाली-गलौच, द्विअर्थी संवाद और नग्नता ही इनकी खूबसूरती मानी जाती है। अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए

अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल, वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है।

नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है। सोशल मीडिया में चाहे यूट्यूब हो, फेसबुक हो, इंस्टाग्राम हो या इसी श्रेणी का कोई अन्य प्लेटफार्म हो; सभी की स्थिति एक जैसी है। कुछ समय पहले यह कहने वाले लोग कि फिल्मी कलाकार अथवा छोटे परदे के कलाकार इस प्रकार की द्विअर्थी शब्दावली का प्रयोग करते हैं कि आप परिवार के साथ बैठकर उनके कार्यक्रम नहीं देख सकते, आज स्वयं वैसा ही कंटेंट तैयार करते हैं। अंतर केवल इतना ही है कि टीवी चैनलों के लोग टीआरपी के लिए वैसा करते रहे हैं और ये लोग वायरल होने के लिए। आप ही बताइए क्या सोशल मीडिया के माध्यमों द्वारा तथाकथित कलाकारों यानि कंटेंट क्रिएटर द्वारा परोसी जा रही सामग्री बच्चों के साथ बैठकर देखने लायक है? हाँ, ये लोग जो खुद को सामाजिक जिम्मेदार बताते हैं, ऐसा दिखाने के लिए 'यूज इयर फोन...' लिखना नहीं भूलते। कल तक समाज की ठेकेदारी का जिम्मा लेने वाले अधेड़ उम्र के अनेक लोग यहाँ अपने बेटे, बेटी और बहुओं के साथ पूरी तन्मयता से इस प्रकार की सामग्री तैयार करने में संलग्न नज़र आते हैं। आखिर ऐसा करने से माता लक्ष्मी की कृपा जो होती है। ऐसे लोग ढूँढने के लिए आपको भारत घूमने की आवश्यता नहीं है बल्कि यह हरियाणा में भी आपके आसपास ही सरलता से प्राप्य हैं। पिछले दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बने उस यूट्यूब कार्यक्रम और उसके कलाकारों के नाम भी आप भूले नहीं होंगे जिसमें माता-पिता के संबंधों पर बच्चों से प्रश्न किए जा रहे थे। इन्हीं सब प्लेटफार्म्स पर युवाओं को गुमराह करने वाले द्विअर्थी शब्दों, गाली-गलौच, मार-धाड़ (गन कल्चर), शराब को

लाभप्रद और उत्साहवर्धक पेय दर्शाने वाले गीत, फिल्म और रील आदि की भरमार है। इन सभी प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध कंटेंट ने जहां भाषा की मर्यादा को समाप्त किया है वहीं ओटीटी प्लेटफार्म्स की अश्लील सामग्री परोसने की आदत का सहयोग भी किया है। शब्दों के अमर्यादित प्रयोग की यह कहानी यहीं समाप्त नहीं होती। कुछ और तत्त्व भी इस आग में घी डालने का कार्य करते हैं, जिनमें प्रमुख हैं कवि सम्मलेन और कॉमेडी शो जैसे आयोजन। कुछ समय पहले एक विश्वश्विद्यालय के कुलपति ने कवि सम्मलेन कराने से स्पष्ट मना कर दिया। उन्होंने बताया कि हमने कई वर्ष पहले ऐसा कार्यक्रम करवाया था। उसमें तीन-चार कवि-कवयित्रियों ने मंच से अपनी अभद्र भाषा और द्विअर्थी संवादों से जो गन्दगी फैलाई, उसके बाद हमने भविष्य में कवि सम्मलेन न कराने का निर्णय ले लिया।

इसी तरह का कार्य हास्य के नाम पर अनेक कार्यक्रमों में हास्य-कलाकारों द्वारा किया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में जब कभी राजनीतिक लोग इस बारे में कुछ कदम उठाने का प्रयास करते हैं तो वहां भाई-भतीजावाद और जाति-सम्प्रदाय जैसी सामाजिक बीमारियाँ उठ खड़ी होती हैं। इसका ताजा उदाहरण फिर हरियाणा से हमारे बीच में आया है, जब सरकार इस प्रकार के कंटेंट को सोशल मीडिया से हटाना चाहती है। सरकार की तरफ से इस सम्बन्ध में कानून बनाने की बात भी कही जा रही है। लेकिन आवश्यकता है कि कार्य साफ नियति से पूरा किया जाए। इस समस्या के सन्दर्भ में अधिक विस्तार में जाने की अपेक्षा समाधान की दिशा में सकारात्मक चिंतन रखते हुए विचार करना अपेक्षित है। अनेक राजनेता, फिल्में, ओटीटी वेब सीरीज, सोशल मीडिया मंच अच्छा कार्य कर रहे हैं। कई नेता और साहित्यकार भी अपने मानक व्यवहार और भाषा के लिए स्मरण किए जाते हैं। इस संक्रमण से स्वयं और समाज को बचाने का प्रयास करना होगा, तभी इस समस्या का निराकरण संभव है; अन्यथा अभद्र भाषा, अश्लील चलचित्र, शराब और बन्दूक पर आधारित गीत सुनाकर अपने बच्चों से संस्कारी होने की अपेक्षा न रखने का अधिकार हम खो देंगे।

कविता | इन्द्र सिंह लाम्बा

जगत में बड़ा बताया प्यार

हे जी, हे जी, जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

श्री रामचंद्र और हनुमान में कितना गहरा प्यार था।
शक्ति बाण लगया लक्ष्मण क होया बड़ा लाचार था।
बूटी लाएं हनुमान जी करया बड़ा उपकार था।
कृष्ण और सुदामा जी की बचपन में हुई थी यारी।
कृष्ण तो महाराजा था सुदामा कै था टोटा भारी।
जब गया सुदामा कृष्ण धौरे दूर कर दी ब्याधा सारी।
उन दोनों के प्यार नैं आज जाणै सै संसार।

भामाशाह और महाराणा ने प्यार से करया था काम।
प्यार के कारण भामाशाह ने बहोत से दिए थे दाम।
इसी ही वजह से उनका दुनिया में होया स नाम।
नर से बाज पठान और अमर सिंह जो था राठौड़।
पठान पड़ा था घायल प्यास लागरी थी दम तोड़।
पाणी प्या दिया अमरसिंह नै प्यार बिना भला के थी लोड।
फेर पगड़ी बदले यार बणे करे पक्के कोल करार।

.प्यार बिना हो इसी जिंदगी जैसे सुर बिन होता गीत।
प्यार करो और प्यारा बोलो हो ज्यागी थारी जग में जीत।
प्यार से जीवन सफल बणै वेदों म बतलाइ रीत।
प्यार करो सच्चे दिल त आपस की फूट रह कोन्या
सत्यमेव जयते कती भी झूठ रह कोन्या।
ब्लैकमेल,बेईमानी,ठग्गी फेर या लूट रहै कोन्या।
सतगुरु की कृपा से करता इंदर सिंह प्रचार।

रागनी | भूपसिंह भारती



एक रात सुपने म्ह

एक रात सुपने म्ह मेरै बाबा साहेब आये।
जीवन म्ह आग्गै बढ़णे के, रस्ते तीन बताये।। टेक।

सुपने के म्ह भीमराव नै, आकै बात बताई।
बेशक भूखे रह जाणा, पर छोड़ो नहीं पढ़ाई,
सुपने म्ह तै उठके भाई, मैं देखूं ढाये बांये।।।

दूजा रस्ता भीमराव ने, एक्का का बतलाया,
घर की फूट बुरी हो सै, न्यू बहुजन को समझाया,
हक सारा म्हारा खाया, और जोर जुल्म भी ढाये।2।

सारे कट्ठे होकै भाई, अपणे हक नै पाओ,
लड़ो मरो संघर्ष करो, ना मन म्ह घबराओ,
खुद नै शेर बणाओ, बलि बकरे की दी जाये।3।

छोड़ो सभ पाखंड को, ये अपणी रीत नहीं,
चाल बुद्ध की राह बावळे, फेर हो जीत सही,
देख भारती बात यही, सुपने म्ह भीम समझाये।4।

जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

रोचक | अंग्रेजों ने भारत में नमक की तस्करी रोकने के लिए एक लंबी सीमा शुल्क बाधा बनाई थी, जिसे 'भारतीय ग्रेट हैज' के नाम से जाना गया

देश में सर्वाधिक लम्बाई की रही कंटीली बाड़

इतिहास | यशपाल गुलिया

आपने 'ग्रेट वाल ऑफ चाइना' के बारे मे तो सुना व पढ़ा होगा लेकिन 'भारतीय ग्रेट हैज' के बारे में शायद ही कभी सुना होगा। यह अंग्रेज प्रशासन द्वारा निर्मित ऐसा क्रियाकलाप था जो न केवल भारतीय प्रजा का शोषण करता था बल्कि प्रत्येक वस्तु पर कर लगाने का भी प्रमाण है।

वर्तमान काल में सबसे सस्ती जीन्स नमक को माना जाता है। अंग्रेजों ने नमक पर कर लगाने के भी ऐसे उपाय किए थे कि प्रजा पर अनावश्यक आर्थिक तानाशाही डाली हुई थी। नमक का मूल्य एवं कर इतना बढ़ा दिया था कि उस आवश्यक जीन्स के लिए लोगों को ब्लैक करना पड़ गया। खाद्यानों के ब्लैक को रोकने के लिए तथा प्रजा से क्रूरतापूर्वक टैक्स वसूली के लिए अंग्रेजों ने एक विशाल विभाग ही बना रखा था जिसको कस्टम विभाग कहा जाता था। इसको लेकर उन्होंने मुल्तान से तोरबेला, सतलुज क्षेत्र, फाजिल्का, हिसार, महम, कलानौर, बेरी, झज्जर बादली, हथीन, मथुरा, आगरा होते हुए एक मार्ग ही स्थापित कर दिया था। उसी मार्ग को कस्टम लाइन कहा जाता था ताकि लोग कोई भी कर योग्य जीन्स इधर-से-उधर न ले जा सके। क्योंकि भारी टैक्स से बचने के लिए लोग अपने सिर पर व पशुओं पर लाद कर ब्लैक भी करने लग गए थे। फिर अंग्रेजों ने क्रूरता का शिकंजा कसते हुए पैदल समान ले जाने वाले व्यक्तियों को भी बन्दी बनाना आरम्भ कर दिया। यही नहीं, कस्टम लाइन को मथुरा, आगरा से भी बढ़ाकर झांसी, सागर, खण्डवा



कस्टम मार्ग मुल्तान से बुरहान तक का चित्र, जिसके दोनों तरफ अंग्रेजों ने नागफन के पौधे रोप डाले थे।

अंग्रेजों द्वारा स्थापित कस्टम लाइन पर बनी चौकी के अवशेष।

तक पहुंचा दिया। ब्लैक पर नियन्त्रण के लिए प्रत्येक मील की दूरी पर चौकी निर्मित करके चौकीदार नियुक्त कर दिए। कुछ मील की दूरी पर बीट स्थापित कर दी गई। जैसे हरियाणा के क्षेत्र में हिसार के बाद महम, कलानौर, बेरी, बादली व चन्दू बीट आदि इस प्रकार के चार चैबन्द प्रबन्ध विभाग में तब वर्ष 1854 में 6600 व्यक्तियों का स्टाफ था।

अंग्रेजों का विशेष अंकुश नमक के ब्लैक पर रहता था। क्योंकि यहां सिलान, जहीदपुर, सुल्तानपुर, साढराणा व मेवात के सलम्भा आदि में नमक बनाया जाता था। इसके अतिरिक्त राजस्थान के जैपुर, जौधपुर व बिकानेर राज्यों के आंशिक क्षेत्रों में भी नमक निकाला जाता था। अंग्रेजों ने विशेषकर नमक के ब्लैक को रोकने के लिए बनाए गए कस्टम मार्ग के दोनों तरफ नागफन के पौधे रोप डाले थे। उस कांटेदार मार्ग एवं बाड़ को ही ग्रेट हैज ऑफ इंडिया कहा गया है जिसकी लम्बाई 2504 मील थी। वर्ष 1823 से विभिन्न कस्टम कमिश्न, जॉर्ज सान्डर्स, समिथ, बैटन, हाल्से व ए.वो. हयुम आदि को नियुक्त किया गया था। बता दें कि ए.वो. हयुम ने 1885 में भारतीय कांग्रेस पार्टी बनाई थी। वह कस्टम कमिश्नर वर्ष 1867 से 1870 तक रहे तथा उस अवधि में उन्होंने राजपुताना शासकों से नमक टैक्स बारे एक समझौता भी किया था। अन्ततः उस शोषणयुक्त मार्ग व कंटीली बाड़ तथा विभाग को वर्ष 1879 से अंग्रेजों ने स्वतः ही बन्द कर दिया।

उस ऐतिहासिक मार्ग पर अंग्रेजों ने बंगले भी बना डाले थे जिनके अवशेष महम, बेरी व बादली में देखे गए। इस प्रकार चीन की दीवार की तरह उस कांटेदार मार्ग की लम्बाई अद्वितिय होने के कारण एक अंग्रेज राय मोक्सहम ने इस बारे रोचक पुस्तक ही लिख डाली है, जिससे सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

सांस्कृतिक क्षेत्र में कला का अहम योगदान : चेतना सारसर

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति के संवर्धन के लिए समाज को सजग करने की दिशा में साहित्यकारों, लेखकों, लोक कलाकारों और गीतकारों जैसी शख्सियतों ने जिस रूप में अपना अहम योगदान दिया है, उससे हरियाणा की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी है। इसी कड़ी में ग्रामीण परिवेश से निकलकर फिल्म जगत में एक अभिनेत्री के रूप में पहचान बनाकर हरियाणा की बेटी चेतना सारसर अपनी अभिनय कला के जुनून को अंजाम दे रही है। वह केवल एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि कविताएं और कहानियां तथा फिल्मों की पटकथा लिखकर समाज को सकारात्मक संदेश भी दे रही हैं। हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर ने कुछ ऐसे पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें कला का सकारात्मक पक्ष सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे सकता है और इसी सोच, लगन और मेहनत के बल पर हर इंसान के लिए अपने लक्ष्य को हासिल करना भी संभव है।

हरियाणा की प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर का जन्म 25 अक्टूबर 1999 को झज्जर जिले के तलाव गांव में रोहतास और सुमन लता के घर में हुआ। ग्रामीण परिवेश में लड़कियों के लिए परिवारिक माहौल अलग ही होता है, इनके पिता दुकानदार हैं, जो सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। परिवार में आर्थिक तंगी के कारण चेतना के माता-पिता खुद ज्यादा

पढ़ाई नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी चेतना को पढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। चेतना की प्रारंभिक शिक्षा झज्जर के एक सरकारी स्कूल में हुई। उन्होंने छठी कक्षा से ही खेलों खासकर ताइक्वांडो में रुचि लेना शुरू किया और बाद में वह राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो खिलाड़ी बनकर उभरी। उस समय वह अपने करियर में पुलिस अधिकारी या कोच बनने का सपना देखती थी।

उन्होंने झज्जर के ही सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। बकौल चेतना, सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों यानी अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ सामाजिक चेतना जगाने के लिए कुछ कलाकार गांव में आकर नुक्कड़ नाटक करते थे, तो उनकी एक्टिंग को देखकर उसने भी अभिनय के क्षेत्र में जाने का सपना संजोया। गांव में नाटक मंडलियों के कार्यक्रमों से उनकी अभिनय जैसी कला के प्रति अभिरुचि इतनी गहराती गई कि उसने एक अभिनेत्री बनने का लक्ष्य तय करके जो सपना देखा था, वह आज अभिभूत होता दिख रहा है और वह एक अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाती जा रही है।

हालांकि उनके परिवार या सगे संबंधियों में दूर तक भी कोई कला या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। चेतना ने स्नातक की शिक्षा के बाद जब एक्टिंग का कोर्स करने के लिए एक्टिंग इंस्टीट्यूट में दाखिला लेने की इच्छा जताई, तो उनके माता-पिता ने उसका हौसला बढ़ाया। परिवार से मिले प्रोत्साहन के बाद उसने साल 2017 में रोहतक स्थित पंडित लखमी चंद सुपवा में प्रवेश ले लिया। उसे स्कूली समय से ही टीवी सीरियल्स देखना बहुत पसंद रहा और जब भी वह कोई अच्छा सीन देखतीं, तो बाद में आईने के सामने खड़े होकर उसी किरदार निभाने की कोशिश करती रही।

सुपवा में उनके अभिनय करियर की शुरुआत हुई। हालांकि उनका कहना है कि उसने एक्टिंग कोर्स के लिए सुपवा में प्रवेश लिया था, लेकिन कुछ कारणों से उन्हें कोर्स बदलकर एडिटिंग में प्रवेश लेना पड़ा। लेकिन उन्होंने मन में ठान लिया था कि वह अभिनय की कला को कतई नहीं छोड़ेंगी। खास बात ये भी है कि चेतना स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स में लगातार अभिनय करती रहीं, जिससे उन्हें इंडस्ट्री में बाहरी प्रोजेक्ट्स में भी काम करने के मौके मिलने लगे। चेतना का कहना है कि वह अब पूरी तरह अपने अभिनय करियर पर फोकस कर रही है

यहां से मिली मंजिल

अभिनेत्री चेतना सारसर ने सुपवा में प्रवेश के दौरान ही फिल्म स्कूल के स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स, शॉर्ट फिल्मों और गानों में काम करना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे उसने अपने अभिनय कौशल को निखारा। उसे हरियाणा के चर्चित मिर्चपुर कांड पर आधारित राजेश अमरलाल बब्बर निर्देशित वेब सीरीज 'कांड 2010' में अभिनय करने का मौका मिला, जिसमें उसने दलित युवती रीता का किरदार निभाया। यहीं से चेतना को एक अभिनेत्री के रूप में ऐसी पहचान मिली कि पिछले दिनों मुंबई में आयोजित 5वें बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अभिनेता मनोज जोशी और सीमा पाहवा के हाथों बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। चेतना ने मेवात वेब सीरीज के कई एपिसोड में अभिनय करके अपनी कला का लोहा मनवाया है। उन्होंने वेबसीरीज अखाडा, क्राइम पेट्रोल में भी प्रमुख किरदार निभाया है।

खबर संक्षेप

धूमधाम से मनाया गया श्री राम नवमी का पर्व

राजौंद। सेरहदा धाम के श्री श्याम मंदिर में भगवान श्री राम नवमी महंत बाबा मोहन गिरी जी के सानिध्य में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। आज दिन भर राम नवमी के उपलक्ष्य में कीर्तन और भंडारा चला। निष्काम भजन गायक सुभाष सांवरिया, दीपक द्विवेदी, बबीता अग्रवाल,रिंकी पिहू व अन्य कलाकारों ने श्री राम के भजनों से समां बांधा। गांव की मातृशक्ति और ग्राम वासियों ने कीर्तन और भंडारे का आनंद लिया। इस अवसर पर भजन मंडली, पप्पू साउंड,के अलावा अशोक शर्मा, कृष्ण ढुल, शेर सिंह पूर्व सरपंच, नरेंद्र नंबरदार,सूबे सिंह, जगदीश पंच,मनीष जांगड़ा, दिलबाग सिंह, कर्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

दुष्कर्म के आरोप में तीन के खिलाफ मामला दर्ज

कैथल। शहर की कॉलोनी में 15 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शहर थाना में दी गई शिकायत में किशोरी की मां ने बताया कि उसकी बेटी की शक्ति नगर निवासी महिला अमन के साथ जान-पहचान थी। अमन ने आगे उसे दो युवकों से मिलवाया। 22 मार्च को अमन उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अंबाला रोड स्थित एक होटल में ले गई। वहां पर अजीत व काशी नामक दो युवक पहले से मौजूद थे। तीनों आरोपियों ने मिलकर उसकी बेटी को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया।

गैस एजेंसी संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

कैथल। पुंडरी पुलिस में पाई के इंडियन गैस एजेंसी संचालक के खिलाफ एक महिला के नाम से गैस कनेक्शन लेकर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। गांव भाना के काला में पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह 2024 में मां के नाम पर गैस कनेक्शन के लिए पाई की इंडेन गैस एजेंसी गया था। वहां पर उसके द्वारा सभी दस्तावेज दे दिए गए थे

चोरों ने हजारों का सामान व गाड़ी चुराई

कैथल। जिले में चोर दो अलग-अलग स्थानों से हजारों का सामान व एक गाडी चुराकर ले गए। पहले मामले में चारे उझाना रोड ग्योंग में खेत के कमरे से हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। हुड्डा सेक्टर 19 की सोना सचदेवा ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 5 अप्रैल को चोर उझाना रोड ग्योंग से उसके खेतों में बने कमरे से स्टार्टर, कंट्रोलर व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 75000 बताई गई है।

मानव उत्थान सेवा समिति ने बांटे फल

कैथल। मानव उत्थान सेवा समिति कैथल द्वारा जगत जननी माता राजराजेश्वरी की पावन जयंती के शुभ अवसर पर अंबाला रोड आरकेएम पैलेस के पीछे झुग्गी झोपड़ी में श्री हंस सद्भावना मंदिर आश्रम के प्रभारी महात्मा अनुरूकती बाई द्वारा गरीब ढाई सौ बच्चों को फल वितरण किए गए। उनके द्वारा नर नारायण समिति के बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर मदनलाल, राजीव शर्मा, संदीप बागड़ी, पिंकी, राकेश आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बाई ने बच्चों को अच्छे ढंग से पढ़ने के लिए प्रेरित किया और अच्छे अंक लेकर आए बच्चों को मेडल से सम्मानित किया।

गेहूं की कटाई शुरू, नहीं मिल रहे हैं मजदूर

राजौंद। गेहूं कटाई का कार्य शुरू हो चुका है। जहां कुछ लोग तूड़ी बनाने के लिए मजदूरों से गेहूं की कटाई हाथ से करवा रहे हैं। वहीं अधिकतर किसान कम्बाइन मशीन का सहारा लेकर गेहूं कटाई को समेटने में जुट गए हैं। किसान मौसम को देखते हुए कम्बाइन से कटाई करवाकर जल्दी ही गेहूं की फसल को समेटना चाहते हैं। हालांकि कम्बाइन मशीन की कटाई से किसानों को नुकसान होता है लेकिन किसान अपनी छह महीने की फसल को समेटने के लिए दिनरात एक कर रहे हैं। कम्बाइन की कटाई के बाद तूड़ी बनाने के लिए रीपर का सहारा भी लेते है।

रामनवमी के शुभ अवसर पर निकाली भव्य सांई बाबा की पालकी यात्रा

चीका शहर हुआ राममय, उमड़े भक्त

- चीका में रामनवमी के अवसर पर शहर में श्री शिरडी साईं सेवा कुंज द्वारा भव्य पालकी यात्रा निकाली
- लाव-लश्कर के साथ ये यात्रा भव्य स्तर पर रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

गुहला-चीका। श्री शिरडी सांई सेवा कुंज समिति के सदस्य रामनवमी पर पालकी यात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

कलायत। के कपिलमुनि मंदिर में राम जन्मोत्सव मनाते कार्यकर्ता

श्री शिरडी सांई सेवा कुंज समिति ट्रस्ट प्रवक्ता गौरव गोयल ने बताया कि रविवार को रामनवमी के अवसर पर शाम 5 बजे सांई बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, घोड़े-बग्घी, लवाजमा, छत्र, झांज-मंजीरा पार्टी, झांकी के साथ ही बाबा का स्वरुप रहा, जो पूरे यात्रा मार्ग में आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा मार्ग में 20 से ज्यादा विभिन्न संगठनों द्वारा यात्रा का स्वागत भी किया गया। चीका शहर सांई भक्तों द्वारा रविवार को रामनवमी पर अग्रवाल धर्मशाला से शाम 5 बजे सांई बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। प्रवक्ता गौरव गोयल ने बताया कि यह यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से शुरू होकर साईं मंदिर तक निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, भगवा ध्वज, पालकी, राम दरबार की झांकी सहित बाबा की चरण पादुका एवं सैकड़ों भक्त शामिल हुए। यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से शुरू होकर अनाज मंडी, छोटी मंडी, शहीद उधम सिंह चौक होते हुए साईं मंदिर में पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। श्री शिरडी साईं सेवा कुंज चीका के समिति अध्यक्ष आशीष गर्ग ने बताया कि शाम 5 बजे रामनवमी के पर्व पर बाबा की भव्य पालकी यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से निकाली गई। इस यात्रा के मौके पर गुहला के विधायक देवेंद्र हंस, नरेंद्र शर्मा, आशीष गर्ग, हैप्पी बंसल, नरेश जैन, विधि चंद गर्ग, अंकुश जिंदल, अनिल गर्ग, गौरव गोयल, दिनेश गर्ग, रुपेश गर्ग, भोजराज व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

विहिप ने रामनवमी उत्सव धूमधाम से मनाया

कलायत। प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम आंगन में विश्व हिंदू परिषद द्वारा रामनवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विहिप जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल व जिला सहमंत्री निशीकांत शर्मा की अध्यक्षता में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे। सबसे पहले भगवान राम की मूर्त को पंचामृत से स्नान करवाया गया। उपरांत बाल कांड का पाठ हुआ। उपरांत श्री राम रक्षा स्त्रोत, श्री राम स्तुति व हनुमान चालिसा का सस्वर पाठ हुआ। धार्मिक परंपरा का निर्वहन पुजारी संजय गौतम ने करवाया। इस दौरान पूर्व नगर पार्षद रणबीर धानियां, नंबरदार संजय सिंगला, पार्षद रवींद्र निर्मल बंटी, पार्षद जगदीश रायका, विहिप धर्माचार्य प्रमुख विशाल शांडिल्य, प्रखंड मंत्री डा.प्रियव्रत गालब, महेंद्र राइका, कुलदीप सिंह, सहित बड़ी संख्या में विहिप सदस्य मौजूद रहे। आयोजन का समापन भोग आरती के साथ हुआ। निशीकांत शर्मा और बीरभान निर्मल ने कहा कि भगवान राम सबके आराध्य हैं। भगवान राम द्वारा प्रतिपादित की हुई मयार्दाएं सदैव मानव का मार्गदर्शन करती हैं। भगवान राम व माता सीता के मिलन के लिए बनाया गया रामसेतु आज भी त्रेता युग व भगवान राम के होने का साक्षी है।

रणदीप सुरजेवाला और आदित्य सुरजेवाला ने किया बिजली दरों में बढोतरी के विरोध में प्रदर्शन

कैथल । कैथल में कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला और कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं साथ मिलकर रोष प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी के खिलाफ किया गया। इससे पूर्व जवाहर पार्क में सभा की गई। फिर वहां से पिहोवा चौक तक प्रदर्शन किया गया। जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा गया। रणदीप सुरजेवाला व आदित्य सुरजेवाला ने भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सैनी पर जोरदार हमला बोला। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने कमरतोड़ बिजली दर बढ़ोतरी कर हरियाणवियों की जेब पर 5 हजार करोड़ रुपए सालाना वसूली का डाका डाला है। लगता है कि सरकार जनता की जेब से पैसा गायब करने की एक्सपर्ट बन गई है।

25 राज्यों में भाजपा की सरकारें

गांव रसीना में धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव रसीना में कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता देवीदयाल बरसाना।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर गांव रसीना में ब्लॉक समिति सदस्य सुरजीत के प्रतिष्ठान पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा करोड़ा मंडल के पूर्व अध्यक्ष व अनाज मंडी पूंडरी के पूर्व प्रधान देवीदयाल बरसाना ने शिरकत की। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए देवीदयाल बरसाना ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी जोकि भाजपा के प्रथम अध्यक्ष थे, उन्होंने कहा था कि एक दिन कांग्रेस का नामो निशान देश से मिट जाएगा उन्होंने भाजपा के स्थापना दिवस पर भाजपा को राष्ट्र की सबसे बड़ी पार्टी बताया। आज केंद्र के साथ-साथ लगभग 25 राज्यों में भाजपा की सरकारें चल रही हैं। मौके पर ब्लाक समिति सदस्य राजेश कुमार, मनोज, बलकार सहित अमित टाया, जोनी मैहला, राजेश मैहला, मालक सिंह विर्क, राजेंद्र जांगड़ा, रिंकू शर्म, ईशम सिंह, हरीश आदि मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर में 119 यूनिट रक्तदान एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

रक्तदाता को सम्मानित करते हुए हल्का विधायक सतपाल जांम्बा।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर हल्का विधायक सतपाल जाम्बा व भारत विकास परिषद फतेहपुर पुंडरी की तरफ से रविवार को रक्तदान शिविर व नवीन जिंदल फाउंडेशन के तरफ से स्वास्थ्य जांच शिविर विधायक कार्यालय में लगाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लीला राम गुर्जर व पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल तंवर, हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप हल्का विधायक सतपाल जांम्बा उपस्थित रहे। विधायक सतपाल जांम्बा नें रक्तदान के महत्व बताया।

रक्तदान शिविर में 119 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। जांच शिविर में 170 ओपीडी और 70 प्रयोगशाला परीक्षण हुए। नोबल ब्लड बैंक और रेड क्रॉस ब्लड बैंक के डा. और रजिस्ट्रेशन टीम ने सहयोग किया।

रक्तदाताओं को दूध, केला और बिस्किट दिये गये। कार्यक्रम के संयोजक वाकुल, धर्मेंद्र कुमार और राहुल वालिया रहे।

स्थापना दिवस पर दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल के नेतृत्व में स्थापना दिवस के मनाया गया। । उन्होंने बताया कि 06 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन किया गया था। भाजपा ने सदा देश प्रदेश हित में कार्य किए है, जिससे पार्टी इतनी बढ़ी शक्ति के रूप में देश में राज चला रही है। इस दौरान भाजपा कार्यकताऱ्ओं ने कहा कि वह क्षेत्र में दिलों जान से मेहनत करके पार्टी को ओर भी मजबूत करेंगे। कमल राणा जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को लोगों के बीच जाकर प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का कार्य हर भाजपा कार्यकर्ता करेगा। इस दौरान कपिल दीक्षित, डा. संजय राणा पवन शर्मा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, कमल राणा जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, महिपाल शर्मा सचिन प्रजापत सतीश पांचाल अरुण सुखदेव नफा महेंद्र डांगी सहित भारी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

राजौंद में मच्छरों का प्रकोप, मुसीबत बढ़ी

राजौंद। क्षेत्र में इन दिनों मच्छरों के प्रकोप से हर व्यक्ति परेशान है। आलम यह है कि शाम के समय जब वाहन चालक सड़क पर निकलते है तो वाहन चालक की आंख, नाक व मुंह में मच्छर घुस जाते है।

जिससे बचने के प्रयास में कई बार वाहन चालक दुर्घटना ग्रस्त हो जाते है। शाम ढलने के बाद यह मच्छर लोगों को ओर भी परेशान कर देते है।

भाजपा का स्थापना दिवस एक गौरवशाली यात्रा : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी भाजपा कार्यालय कपिल कमल में पूर्व विधायक लीला राम को मिठाई खिलाते हुए।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं और नेतागण के साथ,भाजपा कार्यालय कपिल कमल में पार्टी का झंडा फहरा कर और कार्यकताऱ्ओं में मिठाई बांट कर बड़ी धूम धाम से पार्टी स्थापना दिवस मनाया। जिलाध्यक्षा ज्योति सैनी ने कहा कि भाजपा द्वारा 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक स्थापना दिवस सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। मौके पर पूर्व विधायक लीला राम,मुनीष कठवाड़,सुरेश संधू जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित,रवि भूषण गर्ग हरि चंद जांगड़ा मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी आयुष गर्ग नरेश मित्तल शक्ति सौदा कमलजीत कौर ओम प्रभा अक्षरा गुप्ता,सतबीर भारद्वाज प्रदीप भट्ट डॉक्टर जितेंद्र ठुकराल अरुण वर्मा पंडित विजय शास्त्री, डॉक्टर श्रवण कौशिक सुरेंद्र गर्ग बिट्टू सतपाल भारद्वाज सुरेश जांगड़ा, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यक्रम सेवा संघ की ओर से पंजाबी सेवा सदन में विवाह समारोह

17 वें सामूहिक विवाह में बारह युगलों ने थामे एक दूजे के हाथ, जिंदगी भर साथ निभाने का किया वादा

- सभी दूल्हे बरातियों के साथ बैंड बाजों से साथ पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। नवदंपतियों को आशीर्वाद देते सेवा संघ के पदाधिकारी

समाजसेवी संस्थान सेवा संघ द्वारा रविवार को पंजाबी सेवा सदन में 17वां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया । विवाह समरोह में 12 युवक युवतिया पवित्र विवाह सूत्र में बंधे । समारोह भव्य ढंग से सजे पंडाल में शहर बड़ी हस्तिया शामिल हुई और नव दम्पतियों को आशीर्वाद दिया , यह सामूहिक विवाह किसी बड़े अमीर व्यक्ति के बच्चों के विवाह समारोह से कम नहीं था। समारोह में सभी दूल्हे अपने बरातियों के साथ बैंड बाजों से साथ नाचते झूमते हुए सम्मोह में पहुंचे । जंहा सेवा संघ द्वारा सभी 12 वर वधु के परिजनों , रिश्तेदारों के खान पान की व्यापक व्यवस्था की हुई थी। विवाह के बाद मुख्य अतिथि शैलजा सन्दीप सचदेवा मेयर अंबाला, कार्यक्रम अध्यक्ष कंवल आहूजा, वशिष्ठ अतिथि लीला राम पूर्व विधायक, हैफेड चेयरमैन कैलाश भक्त, नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग थे, नव दम्पतियो को आशीर्वाद देने के लिए शहर के परम संत महंत हरीश शास्त्री, बाई सार शरणानंद और बाबा रजनीश शाह शामिल हुए। मुख्य अतिथि शैलजा सन्दीप सचदेवा मेयर अंबाला , कार्यक्रम अध्यक्ष कंवल आहूजा, वशिष्ठ अतिथि लीला राम पूर्व विधायक, हैफेड चेयरमैन कैलाश भक्त, नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग और सेवा संघ के अध्यक्ष शिव शंकर पाहवा ने कहा कि मानवता की सेवा करना भगवान की सच्ची पूजा से कम नहीं है। कैथल की प्रमुख समाज सेवी संस्था सेवा संघ 45 वर्षो से मानवता के लिए सेवा को कार्य करती आ रही है।

समारोह में यह रहे मौजूद

इस मौके पर सेवा संघ के अध्यक्ष शिव शंकर पाहवा और महासचिव अशोक भारती ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा संघ की ओर से सामूहिक विवाह में कन्याओं को उपहार स्वरूप जेवरों सहित घर बसाने के लिए सामान भेंट किए। उन्होंने कहा कि सेवा संघ के सरक्षक डॉ मोहिंदर सिंह शाह , जरनैल सिंह, अमृत लाल मदान सक्रीय सदस्य एवं पदाधिकारी बी बी सतीजा , अरविन्द चावला , नवीन मल्होत्रा , मोहिंदर खन्ना , सुभाष कथूरिया, जितेंद्र भटनागर , राजिंदर आहूजा , राजीव वेद , अनिल आहूजा , चन्दर मालिक , धन सचदेवा , दिनेश अरोडा , डॉ रमेश पपरेजा , डॉ उमेश खन्ना ,अनिल गुलाटी , कृष्ण नारंग , अरविन्द , आई डी अरोड़ा , मेघ राज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

ध्रुव पब्लिक स्कूल में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

पूंडरी। ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर में आज नए शिक्षण सत्र की शुरूआत के अवसर पर इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवागत विद्यार्थियों और अभिभावकों को स्कूल के वातावरण, नियमों और शिक्षण पद्धति से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। प्रबंधक महोदय एवं प्रधानाचार्य ने बच्चों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों, अनुशासन नीति एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी। अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता और सकारात्मक माहौल की सराहना की। प्रधानाचार्य प्रवीण ढिल्लों ने कहा कि ध्रुव पब्लिक स्कूल का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु एक सुदृढ़ मंच प्रदान करना है। उन्होंने सभी छात्रों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

ध्रुव पब्लिक स्कूल में योजनाओं की जानकारी देते प्रधानाचार्य प्रवीण ढिल्लों

पूंडरी। पुंडरिक तीर्थ पूंडरी पर महंत योगी खुशीनाथ साथ में योगी सोमवार नाथ व अन्य श्रद्धालु।

रामायण पाठ से आती सुख, समृद्धिः महंत खुशीनाथ

पूंडरी। रामनवमी के उपलक्ष में पुंडरिक तीर्थ पूंडरी पर श्री महंत योगी खुशीनाथ जी व उनके शिष्य योगी सोमवार नाथ द्वारा अखंड रामायण पाठ व 2 दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। योगी खुशीनाथ ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आदर्श हैं, उन्होंने हमको जीवन के मूल्यों को सिखाया है। उन्होंने बताया कि जीवन में कोई भी परिस्थिति हो लेकिन व्यक्ति को उसका सामना डट कर करना चाहिए सभी लोगों को अपने भाग्य के अनुसार कार्य करने पड़ते हैं। महंत खुशीनाथ ने कहा कि अखंड रामायण पाठ करने से घर में किसी प्रकार से छुपी आसुरी शक्तिया समाप्त हो जाती हैं और घर व क्षेत्र में सुख, समृद्धि का माहौल उत्पन्न होने लगता है। रामायण पाठ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर योगी पूर्ण नाथ, नगरपालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, सरपंच सोहनलाल वर्मा, समाजसेवी रोबिन गोलन, मास्टर सोहनलाल, शशिभूषण, रामदत्त शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

कलायत। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत की अगुवाई में पार्टी स्थापना दिवस मनाते कार्यकर्ता

कलायत मंडल के 53 बूथों पर फहराया भाजपा का झंडा

कलायत। कलायत में भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस उपलक्ष्य में दिन भर कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान अनाज मंडी में सीएम विंडो के पूर्व प्रतिनिधि राकेश कांसल प्रतिष्ठान पर कार्यकताऱ्ओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत द्वारा की गई। राजीव राजपूत ने कहा कि तय कार्ययोजना अनुसार भाजपा स्थापना दिवस अवसर पर सभी 53 बूथों पर पार्टी के झंडे फहराए गए।इस दौरान मंडी प्रधान अनिल शर्मा, रवींद्र धीमान, पार्षद प्रतिनिधि अनिल कंसल, धर्मपाल धीमान, वीरेंद्र राणा, काका राणा, बल्ली, कुलदीप सैन, राजेश बेदी, प्रमोद कंसल और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य हर वर्ग को साथ लेकर देश-प्रदेश का विकास करना है। इस सोच को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सैनी की अगुवाई में विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की सौगात दी जा रही हैं।

रणदीप ने कैथल का विकास नहीं विनाश किया : लीलाराम

कैथल। पूर्व विधायक लीलाराम ने रणदीप सुरजेवाला पर निशाना साधते हुए कहा कि सुरजेवाला जब सत्ता में थे तो उन्होंने हल्का कैथल को विकास की बजाय विनाश की ओर धकेला। लीलाराम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक पार्टी नहीं बल्कि यह लुटेरों का एक गिरोह है और जिन्होंने देश और प्रदेश को जमकर लूटा है। लीलाराम ने बताया कि रणदीप सुरजेवाला कहता है कि मैंने कैथल में विकास करवाया है लेकिन अगर कोई उनसे पूछे कि इन्होंने कैथल में खेल स्टेडियम बनवाया जो आज तक किसी भी बड़े खेल समारोह के लिए प्रयोग में नहीं आया है। आज तक कोई भी टूर्नामेंट उस स्टेडियम में नहीं हो पाया। आज वह स्टेडियम खंडहर बन गया है। उसका कारण यह है कि इसकी लोकेशन ही गलत जगह पर थी और दूसरा इसको बनाने में इसके लोगों ने खूब माल कमाया है जिसके कारण घटिया मैटीरियल के कारण आज वो खंडहर हो गया है। अपने आपको विकास पुरुष बताने वाले सुरजेवाला ने कैथल हलके में विनाश के सिवाय कुछ नहीं किया । लीलाराम ने कहा कि जींद रोड पर कैथल शहर में अगर रेलवे ब्रिज बनाया था तो अंडरपास बनाने की जरूरत नहीं थी और अगर अंडरपास बना दिया तो रेलवे ब्रिज की जरूरत नहीं थी क्योंकि जिसमें हजारों लोगों का रोजगार खत्म हो गया है। रेलवे पुल बनने से नीचे की दुकानों का काम ठप हो गया है।

पूर्व सैनिकों ने मीटिंग में लिए कई अहम फैसले

कैथल । हनुमान वाटिका नजदीक नया बस अड्डा कैथल में पूर्व सैनिकों की मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के दफेदार दिलीप सिंह ने की मीटिंग की कार्रवाई आरंभ करने से पहले शहीद फ्लाइंग लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव जिन्होंने 14-15 हजार लोगों की जान बचाने के लिए अपने आप को कुर्बान कर दिया। इस बलिदानी एवं इस मास हुए बलिदानियों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने मासिक लेखा जोखा पढ़कर सुनाया गया। एसोसिएशन द्वारा 4 अप्रैल को कुरुक्षेत्र पुलिस लाइन में पूर्व सैनिक सम्मान व समाधान रैली में जो कार्यवाही हुई उसकी जानकारी दी।

प्रधान बने राजीव शर्मा अन्य सदस्यों के साथ

श्री भवानी मंदिर चीका के प्रधान बने राजीव शर्मा

गुहला-चीका। एस डी सभा का द्विवार्षिक चुनाव श्री भवानी मंदिर चीका के प्रांगण में हुआ। इसकी अध्यक्षता कर्म चंद गर्ग व केहर सिंह ने की। जिसमें राजीव शर्मा को सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से प्रधान नियुक्त किया गया।उपप्रधान पद पर बलबीर सैनी, सचिव पद पर दीपक मिगलानी ,कैशियर पद पर भोजराज बिंदलिश को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।बातचीत करते हुए राजीव शर्मा ने बताया कि जो संस्था द्वारा माँ भवानी के भव्य मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है। वे सभी सदस्यों के सहयोग से इस कार्य को पूरी निष्ठा लग्न व पूरी ईमानदारी से करेंगे। सभा की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए स्कूल को नई ऊचाईयों पर पूरी टीम के सहयोग से आगे बढ़ाएंगे। कमेटी सदस्य मोती राम गर्ग को चैयरमैन, कर्मचंद गर्ग,मास्टर रामकुमार शर्मा,गुरबख्श सीडा, रमेश मिगलानी, कुलदीप माजरा, बृषभान, लख्मीचंद भार्गव, सुभाष पाधा, गणेश दत्त शास्त्री, बलकार पासी, रविन्द्र बिंदलिश, संजीव जिंदल,कृष्ण धीमान,गुरजंट शर्मा,हेमराज गर्ग,भूषण शर्मा,हरपाल शर्मा,प्रवीण गर्ग,मलकीत सीडा,हंसराज जिन्दल को सर्वसम्मति से कार्यकारणी सदस्य नियुक्त किया गया।

ऑपरेशन आक्रमण दौरान 43 आरोपी काबू

कैथल। पुलिस द्वारा रविवार को ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 43 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि विशेष अभियान में एसपी राजेश कालिया के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 70 टीमों का गठन किया गया। जिसमें 287 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग अलग 12 मामले दर्ज किए गए। आबकारी अधिनियम के 10 मामलों में 10 आरोपी काबू करके 59 बोतल देसी व 66.4 बोतल हथकढी शराब व 1130 लीटर लाहण बरामद किया गया है।

खबर संक्षेप

हमला कर घायल करने के चार आरोपित पकड़े

जींद। गढ़ी थाना पुलिस ने गांव लोन में गली का लेवल ऊंचा करने का विरोध करने पर हमला कर व्यक्ति को घायल करने के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गांव लोन निवासी जसमेर ने गत 29 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पड़ोसी रमेश, जगदीश ने गली की लेवल को ऊंचा कर लिया। जिसके चलते गंदा पानी उसके प्लाट में जाने लगा। जब उसने विरोध जताया तो आरोपित गाली गलौज पर उतर आया। उसने गांव के सरपंच को मौका दिखा रहा था। आरोपितों ने परिजनों के साथ मिल कर हमला कर दिया। गढ़ी थाना पुलिस ने जसमेर की शिकायत पर रमेश, जगदीश, सुखबीर, मनोज के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

दो पिस्तौल तथा दस जिंदा कारतूस के साथ काबू

जींद। सदर थाना सफीदों पुलिस ने गांव बहादुरपुर माइनर पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से दो पिस्तौल तथा दस जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सदर थाना सफीदों पुलिस गांव सिंघपुरा से बहादुरपुर की तरफ गश्त कर रहे थे। दोनों गांवों के बीच से गुजरने वाली माइनर पर पुलिसकर्मियों ने संदेह के आधार पर युवक को रोक कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से दो पिस्तौल तथा दस जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान गांव उरलाना जिला पानीपत निवासी रामदिया उर्फ पुच्ची के रूप में हुई।

मोबाइल फोन छीनने के दो आरोपित गिरफ्तार

जींद। शहर थाना सफीदो पुलिस ने हुडा सैक्टर में चौकीदार के साथ मारपीट कर मोबाइल फोन छीनने की गुत्थी को सुलझाते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सफीदों के वार्ड एक निवासी सुरेश ने गत चार अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह हुडा सैक्टर में नाइट चौकीदार है। देर रात को तीन अज्ञात युवक ने उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। शहर थाना सफीदों पुलिस ने चौकीदार सुरेश की शिकायत पर बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो गांव खेड़ा खेमावती निवासी मामन, राहूल का नाम सामने आया।

अपहरण कर दुष्कर्म का आरोपित को पकड़ा

जींद। जुलाना थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के इंस्टा आरोपित दोस्त को गिरफ्तार किया है। जुलाना थाना इलाका गांव की एक महिला ने गत तीन अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गत एक अप्रैल को गांव डाटा हिसार निवासी नवीन तथा अशोक उसकी 17 वर्षीय बेटी का गाड़ी में अपहरण कर अपने साथ ले गए। जिसके बाद आरोपित उसकी बेटी को गांव डाटा ले गए। जहां पर नवीन ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपित उसकी बेटी को कैथल बस अड्डे पर छोड़ कर फरार हो गए। आरोपित नवीन की पीड़िता से इंस्टा पर दोस्ती थी। फिर आरोपित ने मिलने के बहाने पीड़िता का अपहरण कर लिया।

हाऊसिंग बोर्ड के फ्लैट धारकों की बढ़ी परेशानी

किश्त जमा करवाने पहुंचे आवंटी तो हाऊसिंग बोर्ड का खाता बंद मिला

■ पीएमएस पोर्टल पर मासिक किश्तें भरने में कई प्रकार की परेशानी आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। सैक्टर 8 में बने हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट।

सरकार द्वारा हाउसिंग बोर्ड को खत्म कर अब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में मर्ज करने के बाद हाऊसिंग बोर्ड के फ्लैट लेने वाले आवंटियों की परेशानी बढ़ गई है। आवंटियों द्वारा जींद में पीएनबी की रानी तालाब शाखा में किश्त जमा करवाई जाती है। अलॉटी जब किश्त जमा करवाने पहुंचे तो यहां उन्हें हाउसिंग बोर्ड का अकाऊंट ही बंद मिला। अब अलॉटी अपनी फरियाद कर रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नही हो रही है।

हाउसिंग बोर्ड के अलॉटियों ने सीएम, विधानसभा के डिप्टी स्पीकर, हुडा के मुख्य प्रशासन और पानीपत में हाउसिंग बोर्ड के एस्टेट अधिकारी को पत्र लिख कर समस्या से अवगत करवाया है। हाउसिंग बोर्ड जींद फ्लैट ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सोसायटी के प्रधान निशान सिंह ने बताया कि जींद के सैक्टर में हाउसिंग बोर्ड के 252 फ्लैट हैं और इनमें से 147 फ्लैट अलॉट किए जा चुके हैं। शेष 105 फ्लैट पर कब्जा नही लिए जाने के कारण इन्हें रद्द कर दिया गया था। अलॉटियों द्वारा हर महीने मासिक किस्त को रानी तालाब स्थित पीएनबी की शाखा में नगद, ऑनलाइन, एनईएफटी के माध्यम से मार्च महीने तक जमा करवाया जाता था।

हाउसिंग बोर्ड पानीपत के एस्टेट मैनेजर ने अलॉटियों को बिना किसी पूर्व सूचना दिए इस बैंक खाते को बंद करवा दिया है। इसकी जानकारी उन्हें तब मिली, जब अलॉटी किश्त भरने के लिए कैशियर को राशि और वाउचर देने लगे तो बैंक कैशियर ने मना कर दिया। अब 252 अलॉटी मासिक किश्तों को कहां जमा करवाएं। जनता पैसे देने को तैयार है, परंतु हाउसिंग बोर्ड हरियाणा अब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण देय राशि लेने में नखरे दिखा रहा है। अलॉटी समय पर किश्त जमा नही करवा सके तो तीन प्रतिशत का जुर्माना व उस पर भारी ब्याज अलग वसूला जाता है। हाउसिंग बोर्ड हरियाणा ने ऑनलाइन पोर्टल पीएमएस बनाया है। इसमें मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है। बुजुर्ग लोगों से ओटीपी, ऑनलाइन के नाम से गलत होने की आशंका रहती है। पीएमएस पोर्टल पर मासिक किश्तें भरने में कई प्रकार की परेशानी आ रही है। कई अलॉटियों के पास इंटरनेट नहीं है या चलाने में सक्षम व निपुण नही है। किसी के पास मोबाइल फोन ही नहीं है। विभाग के फैसले ने अलाटियों की टेंशन बढ़ा दी है।

जींद। ताऊ देवीलाल को नमन करते इनेलो कार्यकर्ता।

देवीलाल को इनेलो कार्यकर्ताओं ने किया नमन

जींद। इनेलो कार्यकर्ताओं ने रविवार को पूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय ताऊ देवीलाल अपनी लंबी राजनीतिक यात्रा के बाद छह अप्रैल 2001 में 86 वर्ष की आयु में अपनी सांसारिक यात्रा पूरी की। इस दौरान वे दो बार हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और देष के प्रधानमंत्री पद के लिए नॉमित हुए लेकिन एक अदभुत मिसाल स्थापित करते हुए प्रधनमंत्री पद को त्याग कर किंग मेकर की भूमिका निभाई और स्वयं देश के उपप्रधानमंत्री की जिम्मेवारी को संभाला। उन्होंने प्रदेश में ऐसी नीतियों को लागू किया जिसे न केवल पूरे देश में सराहा गया बल्कि लागू भी किया गया। उसी महान एवं त्याग के प्रतिक ताऊ देवीलाल की पूण्यतिथि पर जींद के ताऊ देवीलाल चौक पर जिला जींद कार्यकारिणी एवं गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर रामफल कुंडू, सुमित्रा देवी, जयकुमार पवार, सुखजिन्द्र सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जजपा कार्यकर्ताओं ने चौ. देवीलाल को दी श्रद्धांजलि

जींद। जजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर रविवार को रोहतक रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष जोरा सिंह डुमरखां व जिला प्रभारी कृष्ण राठी ने कार्यकर्ताओं को उनकी विचारधारा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय देवीलाल छह अप्रैल 2001 में 86 वर्ष की आयु में अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर गए। वह दो बार हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और देश के प्रधानमंत्री पद के लिए नामित हुए लेकिन प्रधानमंत्री पद को त्याग कर किंग मेकर की भूमिका निभाई। उन्होंने उपप्रधानमंत्री की जिम्मेवारी को संभाला। सुनील कंडेला ने कहा कि उन्होंने प्रदेश में ऐसी नीतियों को लागू किया। जजपा नेता विकास सिहाग ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र व छात्राओं को मामूली शुल्क के साथ बस पास सुविधाएं, इंटरव्यू देने जाने वालों के लिए केंद्र तक बस किराया माफ करने का काम किया।

जुलाना। स्थापना दिवस पर भाजपा का झंडा फहराते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने जुलाना में मनाया स्थापना दिवस

जुलाना। जुलाना में भाजपा पार्टी कार्यालय के सामने कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 46वां स्थापना दिवस मनाया। रविवार को जुलाना में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री डा. पुष्पा तायल के नेतृत्व में एक कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा का झंडा लगाते हुए और राष्ट्र गान गाकर भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस मनाया। डा. पुष्पा तायल ने कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण दिन है। क्योंकि 6 अप्रैल 1980 को अटल बिहारी वाजपेयी और एलके आडवाणी द्वारा भाजपा की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा सांस्कृतिक, राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्षता और आर्थिक उदारीकरण पर आधारित हैं। डा. तायल ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो हमेशा देश के हितों को प्राथमिकता देती है और इसके लिए काम करती है। इस मौके पर उनके साथ मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिन अत्री, मंडल अध्यक्ष रवि, पवन सैनी, विकास, रिषि आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की

पंजाबी सेवा सदन ने जरूरतमंद परिवारों को बांटा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। बैठक में उपस्थित पंजाबी सेवा सदन के पदाधिकारी

पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। मीटिंग की शुरूआत श्री राम नवमी की बधाई व शुभकामनाओं से हुई। आज संस्था के वरिष्ठ सदस्य अनिल आहूजा, मनोहर लाल आहूजा व विनोद खंडूजा ने राशन सेवा में सहयोग राशि दी। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है । परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था जंहा गरीबों को राशन देने का कार्य कर रही है वंही सदन परिसर में बने भारत सरकार से मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर संस्थान में हर तरह के कोर्स मुफ्त करवा समाज सेवा का कार्य भी कर रही है। प्रधान परुथी ने बताया कि कंप्यूटर केंद्र का नया सत्र 10 अप्रैल वीरवार से शुरू किया जा रहा है। परुथी ने बताया कि एक बैच के लिए सभी आवेदन आ चुके है अगर बच्चों की संख्या ज्यादा हुई तो दूसरा सत्र शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ललित नरूला, अशोक आर्य ,योग राज बत्रा,नरेंद्र निझावन,लखमी दास खुराना,सुभाष कथूरिया, सुषम कपूर आदि उपस्थित थे।

करसोला में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के करसोला गांव में ग्राम पंचायत और पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी, जुलाना से नपा चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने शिरकत की। कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि ग्रामीण आंचल में रहने वाले लोग स्वास्थ्य के प्रति कम जागरूक होते हैं। स्वास्थ्य जांच शिविर से ग्रामीण गांव में ही अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकते हैं। ग्राम पंचायत और पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन का कार्य काबिले तारिफ है। अन्य संगठनों को भी चाहिए कि वो समाज सेवा के लिए आगे आएं। जुलाना के अटल पार्क में शहीद स्मारक बनाया जाएगा। पूर्व सैनिकों की मांग है कि उनके लिए जुलाना में कैंटीन बनाई जाए और करसोला गांव के स्कूल का नाम बदल कर शहीद के नाम पर रखा जाए। इसके लिए जल्द ही सरकार के पास मसौदा भेजा जाएगा। चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने कहा कि हमें खानपान का विशेष ध्यान देना चाहिए।

संस्था के सैंकड़ों की संख्या में बच्चें होंगे भर्ती

चौधरी भरत सिंह मैमोरियल निड़ानी के पांच बच्चों का सेना में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना। सेना में भर्ती होने वाले निड़ानी की चौधरी भरत सिंह मैमोरियल शिक्षा समिति के डिफेंस एकादमी के बच्चे।

गांव निडानी में चौधरी भरत सिंह मैमोरियल शिक्षा समिति में चल रही डिफेंस एकादमी के पांच बच्चों का सेना में जनरल ड्यूटी के लिए चयन हुआ है। जो कि यह सभी बच्चें निड़ानी में शारीरिक और लिखित परीक्षा के लिए प्रशिक्षण ले रहे थे। संस्था के संरक्षक एवं प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक डा. महेंद्र सिंह ने बताया कि चौधरी भरत सिंह एजुकेशनल सोसायटी में डिफेंस एकेडमी चलाई हुई है। यहां पर युवाओं को सेना में भर्ती होने का प्रशिक्षण दिया जाता है। अबकी बार उनकी संस्था से पांच बच्चों का सेना में चयन हुआ है। जिनमें इफराज अहमद, मुहम्मद राउफ, देवांशु शर्मा, इरफान हुसुन और धर्मप्रीत सिंह का चयन सेना में जनरल डयूटी के लिए हुआ हैं। इस उपलब्धि पर डा. महेन्द्र सिंह मलिक ने चयनीत बच्चों को बधाई दी। डा. मलिक ने कहा कि अभी तो संस्था के सैंकड़ों बच्चे सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने का काम करेंगे। वहीं संस्था के खेल विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सुखबीर सिंह ने कहा कि खेलों के अलावा अब संस्था सेना में बच्चों का चयन करवाते हुए उपलब्धि प्राप्त कर रही हैं।

सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने कार्य कर रहे भार्गव

शिक्षा मंत्री भारत माता वंदना, फोटो एवं मां दुर्गा की आरती भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को भारत माता की वंदना भेंट करते हुए भार्गव।

रामनवमी एवं नवरात्रों के पावन अवसर पर सेक्टर आठ निवासी 16 वर्षीय भार्गव ने अपने पिता के साथ पानीपत में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। भार्गव ने शिक्षा मंत्री को अपने हाथ से लिखी हुई वैदिक मंत्रों की अर्थ सहित फोटो एवं मां दुर्गा की आरती और भारत माता की वंदना भेंट की। शिक्षा मंत्री ने भार्गव की लेखन कला और भारतीय सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सराहना की और उन्होंने भार्गव के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा जीवन में आगे बढने का आशीर्वाद दिया। भार्गव को इससे पहले जिला प्रशासन, एवं राज्यपाल एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

मात्र आठ वर्ष की उम्र से लिखना शुरू की लेखनी

भार्गव के पिता नरेश कुमार अध्यापक हैं और मां रेखा ग्रहणी हैं। नरेश कुमार बताते हैं कि जब भार्गव पांच वर्ष के हुए और उसने लिखना शुरू किया तो उसकी लिखावट अन्य बच्चों से अलग थी। जैसे-जैसे भार्गव बड़ा हुआ तो लिखावट ओर भी सुंदर होती चली गई। पिछले पांच वर्ष से भार्गव हर शुभ कार्य के लिए अपनी लेखनी से वैदिक मंत्रों के अलावा सनातन संस्कृति को बढावा देने के लिए लेख लिख रहे हैं।

स्वर्गीय मास्टर भीम सिंह स्मृति में दौड़ का आयोजन

जींद। रॉयल स्पोर्ट्स अकैडमी पिंडारा जींद में स्वर्गीय मास्टर भीम सिंह बांगड़ की स्मृति में समस्त बांगड़ परिवार द्वारा 1600 मीटर महिला व पुरुष की दौड़ का आयोजन किया गया। रॉयल स्पोर्ट्स अकादमी के संचालक व उनके पुत्र जितेंद्र सीटू बांगड़ ने बताया कि स्पर्धा का शुभारंभ हवन करवाकर व स्व. मास्टर भीम सिंह की पत्नी वेद कौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ को शुरू करवाया गया। प्रतियोगिता में पुरुष स्वर्ग 1600 मीटर में प्रथम स्थान मोहन 21 हजार, द्वितीय स्थान दानिश 11 हजार, तृतीय स्थान अजय 7100 रुपये तथा महिला वर्ग 1600 मीटर में प्रथम स्थान मुस्कान 11 हजार, द्वितीय स्थान संजना 7100, तृतीय स्थान नेहा पवार 5100 तथा 14 वर्ष से कम बालिका वर्ग में प्रथम स्थान नेहा 3100, द्वितीय स्थान अमीषा 2100, तृतीय स्थान रितिका 1100 व 50 वर्ष से अधिक बुजुर्गों दौड़ में हवा सिंह प्रथम, सतपाल द्वितीय, सुखबीर तृतीय स्थान पर रहे।

जनसंघ से लेकर भाजपा पार्टी तक का सफर संघर्षशील : भारत भूषण

भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के निवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश सचिव डा. भारत भूषण टाक ने जयंती मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ ध्वजारोहण कर उपस्थित पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को इस उत्सव की बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बलराज पांचाल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत भूषण टाक ने बताया कि आज का दिन हम सबके लिए गौरव और प्रेरणा का प्रतीक है। छह अप्रैल 1980 को स्थापित भारतीय जनता पार्टी का यह सफर मात्र एक राजनीतिक यात्रा नही बल्कि राष्ट्र आंदोलन के निर्माण की महान साधना है।

जींद। नवार्ण महायज्ञ के दौरान आरती में भाग लेते श्रद्धालु और प्रवचन करते आचार्य पवन

माताओं की भी माता हैं मां परम्बा : आचार्य पवन शर्मा

माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने डाली आहूति

जींद। परमात्मा न स्त्री है, न पुरूष है। जैसा जिसका भाव हो, उसे वैसा ही वह दिखता है। अतः जिस भी भाव से उनका भजन करोगे, उसी स्वरूप में उनकी प्राप्ति हो जाएगी। यह बात आचार्य पवन शर्मा ने माता वैष्णवी धाम में दुर्गाष्टमी की पावन रात्रि शनिवार को उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष अपने प्रवचन में कही। श्रद्धालुओं ने सपरिवार यज्ञ में आहूति डाली। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि प्रभु तक पहुंचने के लिए मातृ भाव सर्वाधिक सरल है। पुत्र चोर हो, व्यभिचारी अथवा जुआरी हो, अवज्ञाकारी हो, मां को कष्ट देने वाला हो, बुरे से बुरा हो। किंतु माता का स्नेह पुत्र के लिए किसी काल में भी कम नहीं होता। पुत्र कुपुत्र हो सकता है किंतु माता कभी भी कुमाता नही हो सकती और हमारी मां परम्बा तो माताओं की भी माता है तो क्यों न हम उन्हें अनन्यभाव से पुकारें।

विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की ओर से कार्यक्रम

नरवाना में रामनवमी पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

रामनवमी के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में शहर शोभायात्रा निकाली गई जोकि सनातन धर्म मंदिर परशुराम चौंक से शुरू हो कर पुरे शहर में होते हुए बड़ी धुमधामनिकाली गयीजोआगे सिगला धर्मशाला माडल से पतराम? नगर पहुचेगी।पुरा शहर तोरणद्वार से अटा पड़ा है। आदर्श बाल मंदिर स्कूल के बच्चे मास्टर चंद्र कांत झा के कुशल नेतृत्व में शोभायात्रा में शामिल हुए। काफी सुंदर सुंदर झांकियां निकाली गई। शोभायात्रा मे शहर के गणमान्यव्यक्तियों ने भी भाग लिया। जिनमें मुख्यतः नगर परिषद पूर्व चेयरमैन कैलाश सिंगलाए नगर परिषद वायस चेयरमैन शशिकांत शर्माए बीजेपी नेता धर्मवीर बाताए विनोद ?मगलाए संजय सिंगलाए कुलदीप बडनपुरए सुशील शास्त्रीए विजय गर्ग विश्व हिन्दू परिषदएरेशमा? माई? आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम | सत्संग में वेदिक परम्पराओं का उल्लेख भजन एवं गीतों से किया

आर्य समाज में रामनवमी के उपलक्ष में यज्ञ का आयोजन

मर्यादा पुरुषोत्तम राम आदर्श पुत्र भाई, मित्र, पिता, पति और राजा थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

आज आर्य समाज नरवाना में रामनवमी के उपलक्ष में यज्ञ हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल एवं यशपाल आर्य ने मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र महाराज के जीवन मूल्यों एवं वेदिक परम्पराओं का उल्लेख भजन एवं गीतों के माध्यम से किया गया। आर्य समाज प्रधान चंद्रकांत आर्य ने कहा कि आदिकाल से ही आर्यावर्त में समय-समय पर महापुरुषों ने सर्वोत्तम मानव समाज ए राष्ट्रीय सामाजिक सांस्कृतिकए धार्मिक राजनीतिक एकताए विश्व बंधुता और प्राणी जगत के उत्थान के लिए महान कार्य किए हैं। राजा हरिश्चंद्र मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र एवं योगीराज कृष्ण चंद्र तथा महर्षि दयानंद इत्यादि युग पुरुष रहे हैं। इतिहास में कहावत है कौशल्या जैसी माता नहीं सरवन जैसा पुत्र नहीं और राम जैसा राज्य नहीं। बिना राज आज्ञा माता कैकई के कहने पर और पिता दशरथ के मना करने पर भी राज्याभिषेक की जगह वनवास के वन प्रस्थान करते समय किसी प्रकार का कोई रा आग मोह इत्यादि नहीं एहोना उत्तम संयम और मर्यादा का परिचायक है। इस अवसर परव जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र एक आदर्श पुत्र भाई मित्र पिता पति और राजा थे। भाई भारत धर्म के पर्यायए भाई लक्ष्म सेवा उर्मिला मांडवी शत्रुघ्न एवं अन्य का आदर्श जीवन संपूर्ण भारतवर्ष के लिए आज भी प्रासंगिक है। वनवास में ऋषि भारद्वाज एअगस्त इत्यादि ऋषियों के दिशा निर्देशों में राक्षसों का समूल विनाश किया। जंगलों में रहने वाली ऋषि तुल्य जनजाति के साथ मिलकर भी शबरी जैसी महान नारियों के सत्य विज्ञान का ज्ञानार्जन कर आदर्श स्थापित किया। बाल काण्डए अयोध्या काण्ड एकिष्किंधा कांड एवं युद्ध कांड में भी नैतिक मर्यादा अनुपालन किया गया। रामायण में उत्तराकाण्ड प्रक्षेपित है।लक्ष्मण रेखा भी एक वैज्ञानिक आयुध प्रणाली थी।भरत ने पंचवटी में भाई रामचंद्र महाराज की खड़ाऊ राजसिंहासन पर रख कर चौदह वर्ष तक नियमित संयमित धार्मिक जीवन मूल्यों में राष्ट्रीय सेवा की थी। प्राचार्या मीना ने भी गीत के माध्यम से ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना और आराधना करने की विधि का उल्लेख किया।

चावल से भरा ट्राला मिला ट्रक का नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना के फिलिंग स्टेशन से बीती रात चोरों ने चावल से लोड ट्रक ट्राला को चोरी कर लिया। चोर लोड ट्राले को गांव पौली के निकट छोड़ गए जबकि ट्रक को लेकर फरार हो गए। गांव बुढाखेड़ा लाठर निवासी जगबीर ने पुलिस को बताया कि वह गत दिवस ट्रक टाला में चावल लोड कर दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। शाम का लोड ट्रक को जुलाना के फिलिंग स्टेशन पर खड़ा किया था। सुबह जब पहुंचा तो ट्रक गायब था। चावल से लोड ट्राला गांव पौली के निकट मिल गया। जुलाना थाना पुलिस ने ट्रक चालक जगबीर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मकान का टूटा ताला सोना व चांदी के जेवरात

जींद। सफीदों की शिव कालोनी में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना, चांदी के जेवरात को चोरी कर लिया। शिव कालोनी निवासी विजयलक्ष्मी ने बताया कि पहली रात वह जागरण में परिवार समेत गई हुई। सुबह वापस लौटी तो मकान पर लगा ताला टूटा हुआ था। मकान से सोने की चैन, कानों की बाली, कोका, मंगलसूत्र, पाजेब को चोरी कर लिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।